तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



राजेन्द्र नगर गार्डन के पास देखरेख के अभाव में सौंदर्यीकरण पर लग रहा ग्रहण।

## नगर में आज

### हिंदी भाषा की उपयोगिता विषय पर गोष्ठी

**बिलासपुर।** विचार मंच की बैठक 14 सितंबर को सुबह साढ़े 10 बजे सीएमडी कालेज के पीछे राष्ट्रीय पाठशाला सभाकक्ष में होगी। कार्यक्रम के संयोजक द्वारिकाप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इसमें 'हिंदी भाषा की उपयोगिता और उसका प्रयोग' विषय पर अश्विनी कुमार शर्मा विचार व्यक्त करेंगे। इस दौरान हिन्दी का हमारे जीवन में क्या उपयोग है इसका महत्व बताया जाएगा। क्योंकि हिंदी ही हमारी मातृभाषा है। उन्होंने मंच के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### क्षत्रिय राठौर समाज का प्रतिभा सम्मान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 14 सितंबर को किया जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2025 की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कांशी प्रसाद राठौर, संरक्षक एवं समाजसेवी, क्षत्रिय राठौर समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, मेयर पूजा विधानी मौजूद रहेंगी।

### अब सवा करोड़ के दो बंगले होंगे सीज

# गांजा तस्कर ने नशे की काली कमाई से पत्नी गर्लफ्रेंड के लिए बनाया आलीशान बंगला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे की काली कमाई से गांजा तस्कर द्वारा पत्नी व गर्लफ्रेंड के लिए खरीदे गए सवा करोड़ के आलीशान दो मकान सीज किए जाएंगे। पुलिस ने मकानों को सीज करने प्रकरण बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेज दिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पूर्व में एनडीपीएस के मामले में पकड़े गए तस्करों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। उनके द्वारा नशे की काली कमाई से बनाई गई संपत्ति की गोपनीय तरीके से जांच कराई जा रही है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट, प्रधान आरक्षक प्रभाकर सिंह द्वारा पूर्व में पकड़े गए गांजा तस्कर मूलतः जबलपुर हालमुकान सिरगिट्टी भवानी नगर निवासी अजय चक्रवर्ती उर्फ अज्जू पिता बंशीलाल चक्रवर्ती की संपत्ति की जांच की गई, इसमें खुलासा हुआ कि अजय चक्रवर्ती उर्फ अज्जू ने नशे की काली कमाई से पत्नी व गर्लफ्रेंड के नाम पर सिरगिट्टी आवासपारा व भवानी नगर में आलीशान बंगला बनाया है। इसकी कीमत लगभग सवा करोड़ रुपए है। जबकि उसकी आय का जरिया कुछ नहीं है। पुलिस ने गांजा तस्कर अजय उर्फ अज्जू चक्रवर्ती के दोनों आलीशान बंगलों को सीज करने के लिए प्रकरण बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा है। कोर्ट के आदेश के बाद दोनों बंगले सीज कर दिए जाएंगे।



### 17 तस्करों की 7 करोड़ की संपत्ति सीज

एसएसपी श्री सिंह के निर्देश लगातार नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ एंड टू एंड की कार्रवाई की जा रही है। गांजा तस्करों की काली कमाई से बनाई संपत्ति को सीज किया जा रहा है। पूर्व में पुलिस ने 6 प्रकरणों में 17 तस्करों के 7 करोड़ की संपत्ति को सीज किया जा चुका है। वहीं पूर्व में पकड़े गए आधा दर्जन से अधिक तस्करों को कोर्ट से सजा हो चुकी है।

### प्रधान आरक्षक होंगे पुरस्कृत

एसएसपी रजनेश सिंह ने गांजा तस्कर की गोपनीय तरीके से काली कमाई से बनाई संपत्ति की जानकरी एकत्रित करने उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधान आरक्षक प्रभाकर सिंह को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के 6 प्रकरण दर्ज

- अपराध क्रमांक 487/21 तोरवा थाना
- अपराध क्रमांक 544/07 जबलपुर
- अपराध क्रमांक 445/10 जबलपुर
- अपराध क्रमांक 96/11 जबलपुर
- अपराध क्रमांक 35/12 कटनी
- अपराध क्रमांक 612/12 जबलपुर

### नशे की जड़ को खत्म करेंगे



नशे के सप्लायरों को जहां तक होगा हर तरह से उनको जड़ से खत्म करेंगे। ये समाज के दुश्मन हैं, इनके कारण युवा नशे के चक्कर में फंस रहे हैं। युवा अपना कीमती समय और उर्जा नशे के चक्कर में खो दे रहे हैं और अपराध की गिरफ्त में फंस रहे हैं। उन्हें बाहर निकालने की जिम्मेदारी हम सभी को लेना है।

**- रजनेश सिंह** एसएसपी

## फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड ने कर्मचारी पर किया हमला

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी की एक फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड ने नशे में एक कर्मचारी पर जानलेवा हमला कर दिया है। घायल कर्मचारी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, सिलपहरी स्थित अरोरा सीजी ऐनर्जी के सुरक्षा गार्ड जितेन्द्र सोनी ने रिपोर्ट लिखाई। 12 सितंबर की रात 10.30 बजे खाना खाने के बाद लेबर क्वार्टर में वे अपने साथी थलेन्द्र साहू के बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ रहने वाला निलेश यादव नशे में आया और उसने बगल के रूम में रहने वाले कर्मचारी लाला यादव को मारने की बात कही और मोबाइल में उसका फोटो दिखाया। उसके बाद निलेश दोनों को उसके रूम में लेकर गया। जहां लाला यादव बेहोश पड़ा था। जितेन्द्र सोनी व थलेन्द्र साहू ने कर्मचारी लाला यादव को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। पुलिस ने जितेन्द्र सोनी की रिपोर्ट पर हमलावर निलेश यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## रेलवे अधिकारी के खिलाफ डाक्टर ने सोशल मीडिया में की अश्लील टिप्पणी

**बिलासपुर।** रेलवे अधिकारी के घर जाकर गाली गलौज कर सोशल मीडिया में उनके खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले रेलवे हास्पिटल के डाक्टर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे आफिसर्स कालोनी निवासी मुख्य कार्मिक अधिकारी राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट लिखाई। रेलवे हास्पिटल के डाक्टर राजीव कुमार यादव से उनकी जान पहचान है। डाक्टर को विभाग ने चार्टशीट देने के आदेश संबंधी फाइल उनके माध्यम से प्रस्तुत की गई थी, जिसकी जानकारी होने पर 10 सितंबर की सुबह 8 बजे डाक्टर ने उनके घर आकर उनके बेटे के सामने गाली गलौज की। उसके बाद उन्हें लोगों के माध्यम से जानकारी हुई कि डाक्टर ने सोशल मीडिया फेसबुक व यूट्यूब में उनके खिलाफ अश्लील शब्दों का उपयोग करते टिप्पणी की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर डा. राजीव यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# भूत प्रेत का डर बताकर 8 लाख 50 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### तांत्रिक सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज





भूत प्रेत का डर बताकर पूजा पाठ करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 8 लाख 50 हजार की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने ढोंगी तांत्रिक सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा निवासी शंकर अधीजा पिता स्व. मोतीराम अधीजा 38 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वर्ष 2023 में वे नेहरू नगर गणेश चौक में अमृतवेला सत्संग सेंटर में जाते थे। इसी दौरान सत्संग करने वाले रामावेली निवासी दीपक केवलानी, उसकी पत्नी कोमल केवलानी, अजय भैरवानी से मुलाकात हुई। बातचीत बढ़ने के बाद दीपक केवलानी उनका विश्वास जीतने के लिए जल छिड़कर और जल पिलाता था, जिससे गुलाब जैसी खूशबु आती थी। उस समय उसका उसकी पत्नी कोमल व अजय साथ देते थे। जब भी तीनों उनके घर आते थे अजय उनके घर की छत पर चला जाता था और फिर उन्हें छत में ले जाया जाता था। कुछ लाल कपड़े पोटली जैसा दिखाकर उनके घर में भूत प्रेत है कहकर और उनकी बच्ची का भय बताते थे, इसे हटाने के लि सत्संग स्थान में पूजा पाठ करना होगा कहकर उनसे 1 जुलाई 2024 को 2 लाख 50 हजार लिया है। उसके बाद उनसे 50 हजार रुपए आनलाइन डलवाया गया, फिर काम है कहकर 1 लाख रुपए लिया। इसी तरह अलग किश्तों में 8 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दीपक केवलानी, कोमल केवलानी, अजय भैरवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 111, 3, 5, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी के जेवर गिरवी कर कर उन्हें पैसा दिया है।

### पूर्व में भी हुआ था जुर्म दर्ज

पूर्व में भी सिंधी समाज के लोगों ने सत्संग के दौरान भूत प्रेत का डर बताकर लाखों रुपए ठगी करने का आरोप तांत्रिक दीपक केवलानी पर लगाया था। पुलिस ने पीड़ितों की रिपोर्ट पर दीपक केवलानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## ओटीपी भेजकर 2 लाख 35 हजार की ठगी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कोनी घुटकू पण्ड्रीपारा निवासी राकेश कुमार सूर्यवंशी पिता भगवानदास सूर्यवंशी वर्तमान में विनोबानगर में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट काम कर रहे हैं। उन्होंने रिपोर्ट लिखाई। 8 सितंबर की सुबह 6 बजे सोकर उठे तो उनके मोबाइल में ओटीपी आया था और उनके बैंक खाते से 2 लाख 35 हजार 338 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया था। उनके खाते में मात्र 1 हजार 423 रुपए 97 पैसा बचे थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
बिलासपुर इकाई की नवगठित कार्यकारणी का
शपथ ग्रहण समारोह
माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
-: मुख्य अतिथि :-
माननीय श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं माननीय सांसद
-: अध्यक्षता :-
माननीय श्री अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री अमर अग्रवाल जी
माननीय विधायक, बिलासपुर
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री धरमलाल कौशिक जी
माननीय विधायक, बिल्हा
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री धर्मजीत सिंह जी
माननीय विधायक, तखतपुर
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री सुशांत शुक्ला जी
माननीय विधायक, बेलतरा
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री भूपेन्द्र सवन्नी जी
अध्यक्ष क्रेडा छ.ग. शासन
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री अटल श्रीवास्तव जी
माननीय विधायक, कोटा
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्रीमती पूजा विधानी जी
माननीय महापौर, न.पा.नि. बिलासपुर
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री श्रीचंद सुंदरानी जी
पूर्व विधायक एवं संरक्षक
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री सतीश थौरानी जी
प्रदेश अध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री अजय भसीन जी
प्रदेश महामंत्री
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
-: अतिविशिष्ट अतिथि :-
श्री निकेश बरडिया जी
प्रदेश कोषाध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
कमल सोनी
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष,
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित है..!
कार्यक्रम - दिनांक : 14.09.2025 दिन : रविवार समय : दोप. 11.00 बजे से
हरीश केडिया संरक्षक
प्रकाश ग्वालानी संरक्षक
राजकुमार खुशलानी संरक्षक
डी. डी आहुजा संरक्षक
प्रमोद खेड़िया संरक्षक
छेदी लाल सराफ संरक्षक
प्रकाशचंद वाधवानी संरक्षक
अनिल सलूजा संरक्षक
सुभाष अग्रवाल संरक्षक
अमरजीत टुटेजा संरक्षक
नारायण उभरानी संरक्षक
पवन अजमानी संरक्षक
सुनील सोनथलिया संरक्षक
जगदीश सवन्नी संरक्षक
मनोहर पमनानी संरक्षक
पी. एन बजाज संरक्षक
कमल विधानी संरक्षक
भागचंद बजाज
जिला अध्यक्ष बिलासपुर
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
महितोष सराफ
जिला सचिव बिलासपुर
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
अविनाश आहुजा
जिला कोषाध्यक्ष बिलासपुर
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
नवदीप अरोरा
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
धीरज रोहरा
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
अभिषेक विधानी
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
अनिल वाधवानी
प्रदेश मंत्री
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
शिशिर सोनछत्रा
प्रदेश मंत्री
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
राहुल सोनथलीया
प्रदेश मंत्री
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
विनोद मेघानी कार्यकारी अध्यक्ष
दयानंद तीर्थानी कार्यकारी अध्यक्ष
अमित अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष
श्रीकांत पांडे कार्यकारी अध्यक्ष
नवदीप छाबड़ा कार्यकारी अध्यक्ष
हरजीत सिंह सलूजा सलाहकार
किशोर गेमनानी सलाहकार
डॉ. किरन पाल सिंह चावला सलाहकार
शंकर मनचंदा सलाहकार
पवन वाधवानी सलाहकार
नानकराम खटूजा सलाहकार
पूरन सिदारा सलाहकार
रमेश वाधवानी (बम्मू) सलाहकार
श्रीचंद टहिलयानी सलाहकार
रजत मलहोत्रा सलाहकार
तेजपाल सिंह सलाहकार
सजन अग्रवाल सलाहकार
राजा भाटीया सलाहकार
राकेश लोकचंदानी सलाहकार
सुरेश सिदारा उपाध्यक्ष
सतीश लाल उपाध्यक्ष
अरविंद टुटेजा उपाध्यक्ष
बजरंग अग्रवाल उपाध्यक्ष
साज़िद वनक उपाध्यक्ष
सचिन अग्रवाल उपाध्यक्ष
शब्बीर बुखारी उपाध्यक्ष
अरविंद भानुशाली उपाध्यक्ष
मुरली संतानी उपाध्यक्ष
राजेश कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष
लखन नागदेव उपाध्यक्ष
आलोक घई उपाध्यक्ष
राजेश गंगवानी उपाध्यक्ष
संतोष बुधवानी मंत्री
मुकेश विधानी उपाध्यक्ष
राकेश मंधानी उपाध्यक्ष
मनीष मोटवानी उपाध्यक्ष
सन्नी अजमानी उपाध्यक्ष
मुकेश अधीजा उपाध्यक्ष
राजू धामेचा सहसचिव
प्रकाश चावला मंत्री
दिनेश नागदेव मंत्री
हर्षदीप सिंह होरा मंत्री
मनोज उभरानी मंत्री
कैलाश पेशवानी मंत्री
नटवर अग्रवाल मंत्री
अजय टहिलयानी मंत्री
दीपक सुतारीया मंत्री
मनोज सरवानी मंत्री
अनिल नेवदानी मंत्री
शंकर जीवनानी मंत्री
सुनीत तेजाणी मंत्री
सीए विनोद खत्री
सीए कमल बजाज
सीए अविनाश टुटेजा
सीए अंशुमन जाजोदिया
सीए कपिल सचदेव
सीए कुशल अग्रवाल
सीएस शैंकी संतानी
अनुमय श्रीवास्तव (एडवोकेट)
करन बहरानी (एडवोकेट)
राम सुखीजा मीडिया प्रभारी
जीतू चौबे मीडिया प्रभारी
शंकर राव मीडिया प्रभारी
राहुल छुगानी मीडिया प्रभारी
अनुपम अरोरा कार्यकारिणी
अरुण चौधरी कार्यकारिणी
सी.जे. होरा कार्यकारिणी
मयंक मल्होत्रा कार्यकारिणी
अंकुर अग्रवाल कार्यकारिणी
रजत अग्रवाल कार्यकारिणी
साकेत तिवारी कार्यकारिणी
अमन सिंह सलूजा कार्यकारिणी
हेमंत जीवनानी कार्यकारिणी
सतमीत सिंह कार्यकारिणी
अविनाश चौधरी कार्यकारिणी
रवि डोडानी कार्यकारिणी
विशाल जीवनानी कार्यकारिणी
कपिल हरिरामानी कार्यकारिणी
संजय गुरुवानी कार्यकारिणी
स्थान : होटल कोर्टयार्ड मैरियट, 36 मॉल, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
# New Sai Graphics 9098329595

## खबर संक्षेप

### गणेश समितियों का प्रशस्ति पत्र दे कर किया सम्मान



**बिलासपुर।** श्री भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन समिति एवं विश्व हिंदू महासभा के तत्वावधान में शहर की सभी गणेश समितियों का प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान किया गया। इसमें सुमित बिधानी राजा अवस्थी अभिनव तिवारी नीरज माखीजा ऋषभ शर्मा राम अवस्थी अविनाश मोटवानी सौरभ सिंह अतिथि थे।

### कर्मचारी कांग्रेस की बैठक में सेवानिवृत्त साथियों का अभिनंदन किया गया




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस की बैठक एसपी पाटनवार राजेंद्र दवे की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें सेवानिवृत्त साथी मिलिंद दिग्रसकर, स्टोर कीपर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मैकेनिकल विभाग तथा संतोष यादव प्रधान पाठक लाल बहादुर शास्त्री स्कूल का अभिनंदन किया गया। बैठक में लघु वेतन कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में कंप्यूटर की बाध्यता समाप्त करने, सेवानिवृत्त साथियों के पेंशन प्रकरण पूर्व से ही संधारित करने, पेंशनर्स को लंबित महंगाई भत्ता दीपावली पर्व के पूर्व भुगतान करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष अरुण पांडे, सचिव एन,केराठौर, कैलाश गजभिए, शाहब खान, प्रशांत मोकाशे, सौमित्र मिश्रा, राकेश कुर्रे, राजेश वर्मा, राजकुमार पांडे, बीएम पांडे आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रशांत मोकाशे ने किया।

### शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम पर चर्चा



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में 13 सितंबर को सीएसआर बॉक्स एवं आईबी एम. स्किल बिल्ड द्वारा ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था के छात्र छात्राओं के लिए आईबीएम. स्किल बिल्ड द्वारा कराए जाने वाले ऑनलाइन ट्रेनिंग कार्यक्रम के सम्बन्ध में थी। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र छात्राओं में तकनीकी एवं तार्किक कुशलता एवं क्षमताओं का विकास करना है। इस कार्यक्रम में कुलदीप घिल्डियाल ने सीएसआर. बॉक्स एवं आईबीएम. स्किल बिल्ड द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियों को समझाया। उन्होंने उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम के महत्व को समझाते होते छात्र छात्राओं को इनसे होने वाले फायदे के बारे में भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ एस के सिंघई, प्रभारी प्राचार्य डॉ सीमा चौहान, प्रो संदीप कुमार साहू, प्रो सोनिया वाधवा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### स्वदेशी मंच स्कूलों में कर रहा उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन




**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच इकाई द्वारा उद्यमिता को लेकर युवाओं की दृष्टि में परिवर्तन लाने के ध्येय से सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। मंच के सदस्य स्कूलों व कॉलेजों में संपर्क स्थापित कर स्वरोजगार एवं स्वालंबन पर आख्यान देकर युवाओं को रोजगार के अवसर उत्पन्न कराने आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया जा रहा। पण्डित रामदुलारे स्कूल सरकंडा, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल , शासकीय हायर सेकेंडरी बिरकोना,नलिनी प्रभा हायर सेकेंडरी स्कूल अशोक नगर और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उस्लापुर में स्वालंबी भारत अभियान के अतंर्गत विषय रखे गए। अरुणा दीक्षित ने बताया कि किसी सरकार द्वारा रोजगार के शत प्रतिशत अवसर उपलब्ध कराना संभव नहीं है, जिन देशों ने उद्यमिता के महत्व को समझा। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य 2030 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। यह तभी संभव जब देश के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जाए। युवा शक्ति को सही दिशा दिया गया तो विकसित भारत की संकल्पना को पूरा किया जा सकता। इस अवसर पर रमेश प्रधान, सुशांत द्विवेदी, डीके राय, किरण सिंह, सुमन द्विवेदी, अवनीश त्रिपाठी, सतीश यादव, प्राचार्य प्रमिला खाका, संतोष सूर्यवंशी, कृष्ण कुमार पाण्डे आदि मौजूद थे।

### डीपी विप्र महाविद्यालय में करियर गाईडेंस पर एक दिवसीय सेमीनार

**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग एवं इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर एकान्टेन्टस के संयुक्त तत्वावधान में करियर गाईडेंस के संबंध में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने छात्र/छात्राओं को करियर गाईडेंस के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. एम.एस. तंबोली ने प्लेसमेंट पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता हरप्रीत कौर होरा एवं प्रगति शुक्ला द्वारा छात्र/छात्राओं को करियर गाईडेस पर विशेष जानकारी प्रदान की। राजीव मुखर्जी ने छात्र/छात्राओं के साथ उनके करियर के उन्नयन के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ. खगेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. बिजोय कर्माकर, अनुषा जायसवाल, प्रो. ए.श्रीराम, निखिल सिंह ठाकुर, डॉ. खगेन्द्र कुमार सोनी, प्रो. जयंत राय, डॉ. बिजोय कर्माकर, प्रो. ए.श्रीराम, प्रो. शिखा पाण्डेय, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. किरण दुबे, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा, डॉ. अनामिका मेडम, प्रो. रितेश, प्रो. सौरभ साहू आदि मौजूद थे।

### सिम्स ने पहली बार प्रदेश में मंगाई थी एमबीबीएस की हिन्दी भाषा की किताबें

# एमबीबीएस की पढ़ाई में सहायक हो रही हिन्दी, सिम्स में पुस्तकें दे रहीं ज्ञान

कोमल सिंह/ बिलासपुर



हिंदी दिवस आज

हिंदी में भी एमबीबीएस (बैचलर आफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) की पढ़ाई प्रदेश में शुरू हो चुकी है। सिम्स सेंट्रल लाइब्रेरी में एमबीबीएस से संबंधित 11 विषयों की 1296 हिंदी पुस्तकें रखी गई हैं। हिन्दी की पुस्तकों से मेडिकल की छात्र-छात्राओं को बेहतर समझ विकसित हो रही है, जिसका असर उनके परिणाम में भी दिखाई दे रहा है। साल भर में होने वाले इंटर्नल टेस्ट में हिन्दी माध्यम के बच्चों ने बेहतर परिणाम लाया है।

सिम्स में इन दिनों मेडिकल के स्टूडेंट हिन्दी की पुस्तकों से पढ़ाई कर रहे हैं, जहां एक ओर एमबीबीएस की ज्यादातर पुस्तकें अंग्रेजी में ही मिलती है, वहीं सिम्स प्रबंधन ने हिन्दी के स्टूडेंट की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल लाइब्रेरी में हिन्दी की 1296 पुस्तकें मंगावा ली हैं। इन पुस्तकों के अध्ययन ने स्टूडेंट की समझ बढ़ रही है, वहीं उनके परिणाम में सुधार हो चुका है। एक साल पहले प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने हिंदी दिवस पर एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी में कराने की घोषणा की थी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सिम्स को हिंदी की पुस्तकें खरीदने के लिए दस लाख रुपये भी दिए थे, सिम्स बिना देरी किए स्टूडेंट की आवश्यकतानुसार पुस्तकों का आर्डर देकर सेंट्रल लाइब्रेरी में हिन्दी की पुस्तकें रखा दी है, शुरूआत में महज 700 पुस्तकें थी, जो अब बढ़क 1300 के करीब पहुंच चुकी है। पुस्तकों के बढ़ाने का कारण भी स्टूडेंट का रूझान है।

### हिन्दी माध्यम के 30 फीसदी स्टूडेंट



सिम्स में मौजूदा समय में यूजी की करीब 30 फीसदी स्टूडेंट हिन्दी माध्यम से आते हैं, उनकी शुरूआती पढ़ाई हिन्दी माध्यम के साथ हुई है, ऐसे में एमबीबीएस के 11 विषयों की हिन्दी की पुस्तकें मिलने से उनकी परेशानी बहुत हद तक दूर हो रही है, हालांकि स्टूडेंट का कहना है कि हिन्दी की साथ ही अंग्रेजी की पुस्तकें पढ़ाना जरूरी है, ताकि पीजी और अन्य परीक्षाओं में परिणाम लाने में दिक्कत ना हो, लेकिन यह तय है कि हिन्दी की पुस्तकें स्टूडेंट के लिए मददगार साबित हो रही है।

### पहला मेडिकल कालेज बना था सिम्स

छग में हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई कराने वाला सिम्स पहला मेडिकल कॉलेज बन गया था, वर्तमान में प्रदेश के अन्य मेडिकल कालेजों के स्टूडेंट भी हिन्दी की पुस्तकों से पढ़ाई कर रहे है लेकिन साल भर पहले सिम्स मेडिकल कालेज ने ही इसकी शुरूआत की थी। डाक्टर्स का कहना है कि हिन्दी माध्यम के स्टूडेंट के लिए मेडिकल के भारी भरकम शब्दकोश को अंग्रेजी में याद करना मुश्किल होता है, जिसके कारण उन्हें पढ़ाई में बाधा होती रही है, लेकिन शब्द के बेहतर उच्चारण और समझ के लिए हिन्दी स्टूडेंट को भा रही है।

### 11 विषयों की हैं पुस्तकें

एमबीबीएस की 11 विषयों की पुस्तकें लाइब्रेरी में मौजूद हैं। वर्तमान में 1296 पुस्तकें है जो एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायो कैमिस्ट्री, एनेस्थिसिया, नेत्र रोग, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान व यौन रोग, शिशु चिकित्सा व अन्य विषयों से संबंधित है। हमनें देखा है कि पुस्तकें आने के बाद हिन्दी माध्यम के बच्चे भी बेहतर समझ के साथ परिणाम दे रहे हैं।

-**डॉ. रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

## डीपीएस में विशेष प्रार्थना सभा में दी मनोहारी प्रस्तुति

■ मनाया गया हिंदी दिवस




दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में हिंदी भाषा के प्रति विशेष अनुग्रह रखते हुए हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा के अंतर्गत अपनी मनोहारी प्रस्तुति दी।

आदित्य जैन ने प्रार्थना सभा का संचालन किया। पार्थ सवन्नी ने अपने विचार रखें।उमाम फातिमा ने समाचार का भाषण किया। आरोही वर्मा ने आज का विशेष शब्द प्रस्तुत किया। मान्या दवे ने हिंदी काव्य पाठ किया। समायरा बजाज और आद्या श्रीवास्तव ने हिंदी विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी से विद्यार्थियों के ज्ञान की परीक्षा ली। अक्षत कश्यप ने शपथ दिलाई और मिशिका शाह ने आभार प्रदर्शन किया। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह माथ ने हिंदी भाषा के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालते हुए विश्व पटल पर हिंदी की महिमा को बताया । वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा साहित्य, हिंदी साहित्यकारों, हिंदी के महत्व और इसकी वैज्ञानिकता को प्रकट करते हुए सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की पहल

## हिंदी में मिल रही फैसले की कॉपी याचिका और सुनवाई भी हिंदी में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में दूरस्थ अंचल में आदिवासियों की संख्या काफी है। इसका ख्याल रखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट अब फैसलों की कापी हिंदी में भी दे रहा है।



हाईकोर्ट ने मामलों की सुनवाई के दौरान पाया कि अंग्रेजी में मिले कोर्ट के फैसले के कारण असमंजस की स्थिति बन रही है। इसे देखते हुए याचिकाकर्ता या पक्षकार की मांग पर आदेश की कापी हिंदी में दी जा रही है। इसके लिए एक अनुवादक की भी नियुक्ति की गई है। याचिकाकर्ता या पक्षकार को इसके लिए 10 रुपया प्रति कापी शुल्क देना पड़ता है। मामलों की सुनवाई और पैरवी भी हिंदी में ही हो रही है। हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने यह पहल की है। मामले की सुनवाई के बाद आमतौर पर हाईकोर्ट में फैसले अंग्रेजी में ही जारी किए जाते हैं। अंग्रेजी में फैसला जारी होने के चलते अधिकांश लोग समझ नहीं पाते। याचिकाकर्ता व पक्षकार भी पूरी तरह अपने अधिवक्ताओं पर निर्भर रहते हैं। छत्तीसगढ़ का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण इलाकों से संबंधित है। दूरस्थ वनांचल होने के कारण आदिवासियों। की संख्या भी बहुतायत में है। चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने यह व्यवस्था बनाई है कि हाईकोर्ट के फैसले की कापी अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी चाहिए तो आवेदन किया जा सकता है।

### फैसले की सार बात हिंदी में ही

प्रकरणों की सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सिंगल व डिवीजन बेंच द्वारा जारी किए जाने में फैसले के प्रमुख अंश को हिंदी में ही जारी किया जा रहा है। इसके पीछे कोर्ट द्वारा दिए जाने वाले फैसले की मुख्य बिंदु को पढ़कर याचिकाकर्ता या प्रमुख पक्षकार को इस बात की जानकारी मिल जाती है कि फैसले की प्रमुख बिंदु क्या है और कोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा है। ट्रांसलेशन के लिए विधि स्नातक अनुवादकों के साथ हाईकोर्ट या जिला कोर्ट के अधिवक्ताओं और रिटायर्ड ज्युडिशियल ऑफिसरों की भी सहायता इसमें ली जा रही है।

### जस्टिस फखरुद्दीन ने रचा था इतिहास

गौरतलब है कि हाईकोर्ट में 2001 से लेकर 2006 तक पदस्थ रहे जस्टिस फखरुद्दीन ने छत्तीसगढ़ी में आदेश देकर इतिहास रचा था। जस्टिस फखरुद्दीन ने छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिलने से पहले 8 जनवरी 2002 को रायपुर के अभनपुर में रहने वाली महिला हरित बाई की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर करते हुए नोटशीट में छत्तीसगढ़ी में आदेश लिखा था।

### याचिका दायर करने के साथ पैरवी की भी सुविधा

छग हाईकोर्ट में हिंदी में याचिका दायर करने के साथ ही उन याचिकाकर्ता को जो अपनी याचिका पर हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होकर बहस करना चाहते हैं उन्हें हिंदी में बहस करने की सुविधा भी दी जा रही है। इसके पीछे कोर्ट का उद्देश्य याचिकाकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने की आजादी देना है। साथ ही हिंदी को बढ़ावा देने की कोशिश भी हाई कोर्ट के जरिए जारी है।

### इस तरह का हो रहा है फायदा

गांवों और दूर-दराज से आने वाले याचिकाकर्ता अंग्रेजी में होने वाले आदेशों के अनुवाद के लिए वकीलों के चक्कर लगाते रहते हैं। उन्हें अब परेशान नहीं होना पड़ेगा।याचिकाएं हिंदी में दायर होंगी और इसके सह दस्तावेज भी इसी भाषा में दिए जा सकेंगे। मुवक्किलों के अलावा वकीलों को भी इससे राहत मिलेगी। इससे प्रदेश के युवा वकीलों को प्रोत्साहन मिलेगा। कई वकील प्रतिभावान होने के बाद भी अंग्रेजी में दक्ष नहीं होने के कारण। हाईकोर्ट आने में झिझकते हैं, ऐसे वकील भी यहां वकालत करने आएंगे। लोवर कोर्ट में हिंदी का उपयोग होता ही है।

# 4 अरब 83 करोड़ 17 लाख रुपए का अवार्ड पारित

### चीफ जस्टिस ने समस्त जिला न्यायालयों में खण्डपीठों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन

नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड 43 लाख 17 हजार एक सौ तिरानवे प्रकरणों का निराकरण किया गया और कुल चार अरब 83 करोड़ सत्रह लाख पाच हजार पाच सौ रुपए की राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय में निर्मित खण्डपीठ का जायजा लिया गया एवं जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर का भौतिक एवं समस्त जिला न्यायालयों में खण्डपीठों का वर्चुअल माध्यम से निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि शनिवार को राज्य में वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जस्टिस श्रीमती रजनी दूबे एवं जस्टिस न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी से चर्चा करते सभी कार्रवाइयों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जनसामान्य को शीघ्र, सुलभ एवं सस्ता न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से लोक अदालत का आयोजन तहसील, जिला एवं उच्च न्यायालय स्तर पर किया जाता है। इसमें विवादों का निपटारा आपसी समझौते व सौहार्दपूर्ण वार्ता के माध्यम से किया जाता है। लोक अदालत में आपसी सहमति से निराकृत मामलों में अपील का प्रावधान नहीं होता तथा वादियों को पूर्व में जमा किया गया संपूर्ण न्याय शुल्क वापस कर दिया जाता है।

### हाईकोर्ट में दो खण्डपीठ का गठन

हाईकोर्ट में तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में दो खण्डपीठ का गठन किया गया था। इसमें क्रिमिनल कुल 07, सिविल 64 व रिट 62 व अन्य सिविल मामले के कुल 01 प्रकृति के कुल 134 प्रकरण का निकराकरण किया गया और दो करोड सत्तर हजार का अवार्ड पारित किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 43,17,193 (तिरालीस लाख सत्रह हजार एक सौ तिरानवे) प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 4,83,17,05,500/- (चार अरब तिरासी करोड़ सत्रह लाख पाच हजार पाच सौ) रुपए का अवार्ड पारित किया गया।

### वर्चुअल से भी जोड़कर निराकरण

इस नेशनल लोक अदालत में तकनीकी का उपयोग करते हुए जहां पक्षकार नहीं आ सके उन्हें वर्चुअल माध्यम से भी जोड़कर तथा मोबाईल वेन के माध्यम से लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस दौरान जस्टिस संजय के अग्रवाल (कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण),जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, लोक अदालत की खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्तागण, पक्षकार उपस्थित थे।

### मंगल भवन संचालक ने एडवांस की राशि लौटाई



जिला उपभोक्ता फोरम के नेशनल लोक अदालत में आपसी रजामंदी कर मंगल भवन के संचालक ने युवक को एडवांस की राशि 85 हजार रुपए लौटाया है। 13 सितंबर को जिला उपभोक्ता फोरम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य आलोक पाण्डेय द्वारा मामले की सुनवाई की गई। जिसमें आलोक शराफ ने बेटे के शादी समारोह के लिए जगन्नाथ भवन को लिया गया था और उन्होंने 85 हजार रुपए एडवांस जमा कर दिया था। आकस्मिक कारणों से शादी समारोह रद्द हो गया था। उन्होंने मंगल भवन के संचालक से एडवांस की राशि वापस मांगे तो देने से इनकार कर दिया गया था। अध्यक्ष श्री सिंघल व सदस्य श्री पाण्डेय के द्वारा समझाइस देने पर आपसी राजीनामा कर मंगल भवन संचालक ने श्री सराफ को एडवांस की राशि 85 हजार रुपए लौटा दिया है। इसी तरह 22 मूल / निषपादन प्रकरण को निराकरण आपसी राजीनामा के लिए रखे गए थे। जिसमें बैंक, बीमा, हेल्थ, हाउसिंग के खिलाफ प्रकरणों को रखा गया और 69 लाख 53 हजार 176 रुपए अवार्ड की राशि पक्षकारों को प्रदान की गई है। उक्त आयोजन में आयोग के कर्मचारीकण रीडर सूर्यप्रताप सिंह, स्टेनो शरद यादव, प्रमोद दीप, धरम सिंह ठाकुर, राजू का योगदान भी सराहनीय रहा है।

## घर से चावल बांटने वाले दुकानदार को नोटिस

■ खाद्य विभाग की मिलीभगत से चल र हा खेल

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग ने उचित मूल्य की राशन दुकान को बंद कर घर में गंदगी के बीच गोदाम बनाकर चावल वितरण करने के मामले में राशन दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गरीबों को दिए जाने वाले मुफ्त सरकारी चावल को लेकर राशन दुकानदार हितग्राहियों के साथ खिलवाड़ करने मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तालापारा और मरीमाई क्षेत्र के हितग्राहियों को राशन दुकान से मिलने वाले चावल को लेकर समस्या आ रही है। कब्रिस्तान रोड स्थित अन्नपूर्णा प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार का संचालन लंबे समय से नियम विरूद्ध तरीके से किया जा रहा है। संचालक ने अपनी अधिकृत दुकान को बंद कर दिया है और खुलेआम अपने घर से ही राशन वितरण का अवैध करोबार चला रहा है। घर से सरकारी राशन दुकान चलाने की जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों को नहीं है। शासन के गाइड लाइन के अनुसार उचित मूल्य की दुकान केवल निर्धारित स्थान से ही संचालित की जा सकती है। लेकिन राशन दुकानदार ने इस नियम को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए अपने घर को गोदाम बना लिया है। इस घरनुमा गोदाम में सरकारी चावल की बोरियां गंदगी और अस्वच्छ वातावरण में रखी हुई हैं। चूहों ने इन बोरियों को कुतरकर चावल खराब कर दिया है। चूहों के गंदगी से संक्रमित चावल गरीब हितग्राहियों को वितरित किया जा रहा है। यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या खाद्य विभाग की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है।

### ग्रामीण ने स्कूल में घुसकर शिक्षक से की मारपीट

**बिलासपुर।** नशे में एक ग्रामीण ने स्कूल में घुसकर पढ़ाई के दौरान बेटी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लाठी से शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर निवासी जगतराम खुंटे गतौरा शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं। 12 सितंबर को सुबह 10 बजे वह स्कूल ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर 3.30 बजे गतौरा निवासी दीपराज कुर्रे उर्फ लाला शराब के नशे में स्कूल गया और अपनी बेटी कक्षा दसवीं की छात्रा के साथ मारपीट करने का आरोप लगाकर उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने शिक्षक की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 121, 132, 221, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### एनएचएआई के अधिकारियों ने सड़कों की स्थिति जांची

## केन्द्रीय टीम ने किया रायपुर-विशाखापट्टनम सड़क का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाईवे ऑफ इंडिया की केन्द्रीय टीम छत्तीसगढ़ पहुंच कर रायपुर से विशाखापटनम तक सड़क का निरीक्षण शुरू कर दिया है। शनिवार को टीम रायपुर -बिलासपुर मार्ग में कई जगहों पर जांच की गई। इस दौरान सड़कों में हुए पेंच वर्क, तकनीकी खामियों पर गौर किया गया। सूत्रों के अनुसार बारिश का मौसम जाने के इंतजार किया जा रहा है इसके बाद सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में एनएचएआई की टीम निरीक्षण के लिए पहुंच चुकी है, टीम लगातार भ्रमण कर सड़कों की दशा का ब्यौरा तैयार कर रही है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यह रूटीन कार्य है, लेकिन देखने के आ रहा है कि सड़क की गुणवत्ता जाने के लिए टीम अपने साथ सर्वेक्षण वैन लेकर घूम रही है। सड़क, ब्रिज की दुर्दशा और अलाइमेंट को लेकर एनएचएआई को हाईकोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा है, ऐसे में टीम का निरीक्षण बेहद जरूरी हो चुका है।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार सूर्यवंशी ने बताया कि टीम हमेशा आती रहती है, वर्तमान में रायपुर से विशाखापटनम के बीच सड़क का सर्वेक्षण किया जा रहा है, इसमें रूटीन मेंटनेंस को देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-रायपुर के बीच सरगांव के पास सड़क खराब है, ऐसे में बारिश बीतने के बाद उसमें डामर किया जाएगा। फिलहाल कोल मिक्स डालकर काम चलाया जा रहा है, लेकिन दो माह के भीतर सड़क सुधारी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### नम्रता व समृद्धि का नेशनल कांपिटिशन के लिए चयन



**मुंगेली।** विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने भाग लिया। जिसमें 14 वर्ष वर्ग में लगातार दूसरी बार नेशनल के लिए चयन हुआ है। नम्रता जायसवाल और समृद्धि सोनी का चयन नेशनल के लिए हुआ है। छात्राएं भागलपुर बिहार मे मुंगेली छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### फास्टरपुर स्कूल में क्विज प्राचार्य ने बढ़ाया उत्साह



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में रजत जयंती समारोह पर क्विज प्रतियोगिता का क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी भागीदारी निभाने के लिए भी बताया गया। इस आयोजन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा ने भी सभी स्वयं सेवको को उत्साहित किया और अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र ने स्वयं सेवको को सूचित किया कि आप अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ सभी कर आभार प्रकट किया।

### 70 छात्राओं को दी गई सायकल लगन से पढ़ाई करने की दी सीख



**मल्हार।** शासकीय उच्तर माध्यमिक शाला में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 70 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नितेश गुप्ता ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील चौबे राजा, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मणकांत, पंडित अशोक शर्मा, रोहित वर्मा, राज्यपाल पुरस्कृत रिटायर्ड प्रधान पाठक अकतराम सिन्हा, ओमप्रकाश पांडे एवं वार्ड 12 के पार्षद सपना यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु खूब लगन से मेहनत करने एवं अपने माता-पिता एवं गुरुओं की बात मानने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन अनिल बंजारे एवं आभार व्यक्त प्रभारी प्राचार्य रश्मि गुप्ता ने किया।

### धौराभाठा हाईस्कूल में निःशुल्क सायकल वितरण



**करगीरोड कोटा।** हाईस्कूल धौराभाठा में निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 11 छात्राओं को निशुल्क सायकलें वितरित की गईं। विधायक प्रतिनिधि फूलचंद अग्रहरी ने छात्राओं को सायकल वितरित करते हुए कहा कि, अब छात्राओं को पैदल स्कूल आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, वे समय पर विद्यालय पहुंचकर अपनी पढ़ाई में और अधिक ध्यान दे सकेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस पहल को छात्राओं की शिक्षा में सहायक बताया।

### शिक्षक सम्मान समारोह एवं संचालक परिचय सम्मेलन



**बेलतरा।** मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल संचालक संगठन के तत्वावधान में बुधवार 10 सितंबर को जीत कॉन्टिनेंटल होटल बिलासपुर में शिक्षक सम्मान समारोह एवं संचालक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बेलतरा से स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर के संचालक संगठन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों से रघुवीर सिंह राठौड़, सुनीता ध्रुव, सुनील कुमार यादव, सूर्य प्रकाश कश्यप, अमित यादव, राजकुमार सिंह, राजेश दुबे, सुनील पाटिल सहित अनेक लोग शामिल हुए। संजय हरणगांवकर की अध्यक्षता में शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। स्वागत भाषण प्रस्तुत कर संजय हरण गांवकर ने उपस्थित सभी संचालकों एवं शिक्षकों का अभिवादन किया। मंच संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष डीपी पाण्डेय ने किया गया एवं सचिव पुरुषोत्तम साहू ने सभी शिक्षाविदों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम की सफलता में मुख्य रूप से रविंद्र गहवई, प्रवीण वर्मा, लता वर्मा, गगन कौशिक, अखिलेश यादव, गोपाल साहू, अंकेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, प्रधान, कैवर्त सर, हरि कृष्णा शर्मा सहित संगठन में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### पहल अभियान के तहत 32 हजार से अधिक बच्चों को किया जागरूक

# मानव जीवन को सफल बनाना है तो समय के महत्व को समझें: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा संचालित पहल जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पहल अभियान के उद्देश्यों को पूरा करने का बीड़ा उठाया गया है। इसके तहत 32 हजार से अधिक बच्चों को मुख्य बिंदुओं पर जागरूक किया गया।

पहल–नई जिंदगी की, पहल अनुशासित जीवन की, पहल अच्छे विचारों की, पहल पूर्ण शिक्षा की, पहल अपराध से बचने की, पहल साइबर धोखाधड़ी से बचने की, पहल यातायात नियमों को अपनाने की, पहल बच्चों के सुनहरे भविष्य की, पहल है एक अच्छे इंसान बनने की, की विस्तृत जानकारी दी। जीवन में अपनाते हुए सुरक्षित एवं सफल जीवन जीने को प्रेरित किया। पहल सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि यूनिसेफ रायपुर चेतना देसाई, कार्यक्रम के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल, विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे, समाजसेवी शैलजा स्वामी, जिला के समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह में समस्त पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य 32 हजार से अधिक बच्चों एवं आम नागरिकों को अपराध एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया गया। जिसमें विभिन्न अपराध, साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल और आनलाइन बैंकिंग फ्राड, महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित अपराधों और समाज में व्याप्त विभिन्न कुप्रथाओं के विरुद्ध व्यापक जागरूकता प्रदान की गई है। अभियान का मुख्य फोकस साइबर सिक्योरिटी, 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, पास्को एक्ट, महिलाओं की सुरक्षा और मोबाइल फोन के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी जाती है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं चेतना देसाई द्वारा पहल अभियान के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने साथ ही प्रगति एवं उसकी प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए जिले के लिए समस्त पुलिस अधिकारी जिला मुंगेली को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। समस्त पत्रकारों को विशेष रूप से समाज की विभिन्न बुराइयों को दूर करने एवं अपराध से बचाने में मीडिया के माध्यम से सहयोग देने हेतु प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस पहल के माध्यम से पुलिस और मीडिया के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ है, जो सामूहिक रूप से जिले की सामाजिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को मजबूती प्रदान की।



पहल कार्यक्रम में शामिल एसपी एवं एडीएम।

**समय कभी लौटकर नहीं आता**

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने जीवन को सफल बनाना है तो समय के महत्व को समझें। उन्होंने बताया कि जो करना है आज ही ईमानदारी एवं कड़ी मेहनत से बेस्ट करना है। समय कभी लौटकर नहीं आता है। साथ ही मोबाइल की सही उपयोगिता की महत्वपूर्ण जानकारी दी। यूनिसेफ की चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट चेतना देसाई, जो रायपुर से विशेष अतिथि ने पहल अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के एवं सुरक्षित करने की सलाह दिये। उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों के कार्यों की तारीफ करते हुए भविष्य में निरंतर पहल अभियान को जारी रखने को प्रोत्साहित किया किया।


पुस्तक मेले में शामिल विद्यार्थी।

# पुस्तक होती है मनुष्य की सच्ची मित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- मिश्र कॉलेज में लगा जिला स्तरीय पुस्तक मेला

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में डा. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डा. शोभित वाजपेई ने नई पीढ़ी को विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं एसएनजी कालेज के प्राचार्य डा. रजत दवे ने पुस्तकों को मनुष्य का सच्चा मित्र बताते हुए खाली समय में नियमित अध्ययन प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी एनके पुरले तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक एसके तिवारी ने किया। कार्यक्रम में निकिता पब्लिकेशन रायपुर, नवबोध पब्लिकेशन रायपुर, भारत बुक डिपो मुंगेली, साइंस कालेज एवं एसएनजी कालेज की लाइब्रेरियों द्वारा पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 200 से अधिक छात्र–छात्रओं एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, ग्रंथपाल एसएल मौर्य, रंजीत कुमार, एसके तिवारी एवं डा. सोनालिका अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व एनएसएस वालिंटियर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज का युवा दूसरों को रोजगार देने की क्षमता रखता है: धरमलाल

- अवंतीबाई कॉलेज में रजत जयंती समारोह एवं एलुमनी मीट

**पथरिया।** नगर के वीरांगना अवंती बाई लोधी महाविद्यालय में स्वदेशी उद्यमिता एवं स्वदेशी जागरण मंच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी उद्यमिता को प्रोत्साहित करना एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाना था।

विधायक धरमलाल कौशिक भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से संचालित विभिन्न उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, आज का युवा अगर दृढ़ निश्चय कर ले, तो वह न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने की क्षमता रखता है। धरमलाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष की चर्चा करते हुए राज्य के विकास यात्रा को रेखांकित किया और छात्रों को इस विकास का भागीदार बनने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम ने स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। डॉ गौतम ने युवाओं को स्टार्ट अप्स और नवाचार के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया, तथा कई प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने युवाओं से स्वरोजगार सृजित और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। जनभागीदारी अध्यक्ष रघुनंदन कर्मकार ने एलुमनी मीट के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जनपद अध्यक्ष चित्रलेखा मनीष जांगड़े, नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, नपं उपाध्यक्ष मनोज पांडे, जिपं सभपति अनिला देवेंद्र राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णब , युवा भाजपा नेता रविन्द्र बघेल ,जगदीश वर्मा, सुखदेव वर्मा, गणेश सोनी आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# किसानों की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

अन्नदाता संघर्ष संगठन खैरा सेतगंगा परिक्षेत्र से किसानों की बैठक आहूत की गई। बैठक में किसान हित, गांव तक नहर लाने एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर चर्चा की गई।

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को इंजीनियर द्वारा सर्वे कर किसानों से चर्चा की जाएगी। नहर की लाइनिंग के लिए फाइल तैयार करके प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। किसानों ने निर्णय लिया कि इसकी मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव से भेंट कर वस्तु स्थिति को अवगत कराकर आवेदन दिया जाएगा। इस कार्य को गति प्रदान करने के लिए भारतीय किसान संघ के बैनर तले खैरा सेतगंगा परिक्षेत्र में कार्य समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मानिक लाल सोनवानी, शिवकुमार बंजारा, संजय सिंह परिहार, ईश्वरी कश्यप, नमक लाल भास्कर, कुलेश्वर बारमते, राकेश साहू, गया राम, समय लाल चन्द्राकार, जलेश्वर टंडन, अध्यक्ष हीरा कश्यप, उपाध्यक्ष अखिल टोन्डर, केशव सिंह परिहार, शिवकुमार उपाध्याय, सचिव कुलेश्वर साहू, सहसचिव धर्मेंद्र बर्मन, कोषाध्यक्ष मनोहर यादव, सक्रिय सदस्य दिपक गबेल, सीताराम कश्यप, कृष्ण चन्द्राकर, पुना दास भास्कर, रोहित सागार, बीर सिंह, रामभरोसा साहू, विमलेश माथुर, भोलाराम चन्द्राकर, राजेन्द्र गबेल, कन्हैया सिंह बैंस, नीरज सोनु केशवानी, दांता राम गबेल, सनत साहू, यशवंत गबेल, गेंदालाल गबेल, डिलेशवर गबेल, रूपेश गबेल, धनराज साहू, रविशंकर गबेल, राजीव सिंह ठाकुर, समेलाल चन्द्राकर, तामेश्वर चन्द्राकर, जैसे अनेक सदस्य की सूची तैयार की गई।


बैठक में शामिल किसान।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 250 खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर



**पेंड्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रा द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का शनिवार को फिजिकल कॉलेज मैदान में शुभारंभ हुआ। विद्या भारती शैक्षणिक संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के लगभग 250 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश नामदेव और पूर्व छात्र विनय सूर्यवाणी विशेष शामिल हुए। मुख्य अतिथि उपेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि, अब वह जमाना चला गया जब कहा जाता था पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, और खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब। आज खेल सफलता का नया द्वार है, खेल केवल स्वास्थ्य का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थानों में अनुशासन, संस्कृति और खेल तीनों का समन्वय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर है। अखिलेश नामदेव ने कहा पेंड्रा खेलों के उपयुक्त वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पहुंचे सभी खिलाड़ियों का स्वागत है। प्रतिस्पर्धा स्वस्थ भावना से होनी चाहिए। विनय सूर्यवाणी ने विद्यार्थियों को खेलों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि, खेल से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। संस्था के अध्यक्ष नीरज जैन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।



### अवैध कच्ची महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** आबकारी विभाग ने ग्राम खेकतरा में दबिश देकर 7 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिले में आबकारी विभाग की ओर से लगातार अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 11 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर विभाग की टीम ने ग्राम खेकतरा निवासी आरोपी अवधराम ध्रुव के मकान पर दबिश देकर 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के ऊपर आबकारी अधि की धारा 34(1)(क) ,34(2) एवम 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया।

# सीएमएचओ ने ली कर्मचारियों की बैठक

**मुंगेली।** सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान को प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक संचालित होने वाले "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और परिवार सशक्तिकरण की दिशा में सामूहिक प्रयास का संकल्प है। उन्होंने सभी विभागों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्कूलों में रंगोली, क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं हेल्थ कैम्प आयोजित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छूटी हुई ए एन सी महिलाओं का पंजीयन, बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण व संस्थागत प्रसव बढ़ाने और आदिवासी क्षेत्रों एवं छात्रावासों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आदि आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सी.एम.एच.ओ. द्वारा चिकित्सालयों में आधार आधारित उपस्थिति, नेक्स्ट जेन मॉड्यूल, टीबी और कुष्ठ उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया जाँच, आयुष्मान भारत, आभा आईडी, मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की उपलब्धि शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं देना नहीं, बल्कि परिवारों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना है। बैठक में डीपीएम गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके रॉय, बीएमओ, अस्पताल प्रबंधक, नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


कर्मचारियों की बैठक लेती सीएमएचओ।

### भागवत कथा में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री, डिप्टी सीएम एवं विधायक

# जीवन में सत्य, सेवा की राह पर अग्रसर करती है भागवत कथा

**मुंगेली।** जिला पुलिस परिवार द्वारा मुंगेली में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वरिष्ठ विधायक पन्नूलाल मोहले, एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल सम्मिलित होकर शहीद एवं स्व. पुलिस जवानों को श्रद्धाजंली अर्पित कर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण किया। व्यास पीठ में विराजमान महराज उमाकांत मिश्र एवं सूरज मिश्र के द्वारा चौथे दिन श्री कृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा का कथावाचन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हुए।

जिला पुलिस परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वरिष्ठ विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक एवं मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल उपस्थिति होकर अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर देश एवं समाज की सुरक्षा मे बहुमुल्य योगदान दिये। ऐसे सभी शहीद एवं स्वर्गीय पुलिस जवान को श्रद्धाजंलि अर्पित की और शहीद एवं स्वर्गीय पुलिस जवानों के परिवारों का मनोबल बढ़ाया तथा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा सुनकर आनंदित हुए और भजन में सभी वरिष्ठजन, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस परिवार सम्मिलित हुए। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा मे सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि, भक्ति अनुग्रह, मर्यादा, निर्गुण सगुण रहस्यों का ज्ञान अर्जित होता है। इस आयोजन से हमें यह सीख मिली कि धर्म, भक्ति, कर्तव्य और बलिदान ही सच्ची पूजा हैं जो हमें जीवन में सत्य, सेवा और समर्पण की राह पर अग्रसर करती हैं। व्यास पीठ में विराजमान महराज अमाकांत मिश्र एवं सूरज मिश्र के आशीर्वाद का, जिनके मार्गदर्शन से यह धार्मिक आयोजन सफल हुआ, जिसका आभार भी व्यक्त करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन श्री कृष्ण लीला एवं गोर्वधन पूजा का कथावाचन सुनकर पुलिस परिवार एवं श्रद्वालु भावविभोर हुये। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि पूरा पुलिस परिवार सदैव समर्पित है सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में और हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से शहीद एवं स्वर्गीय पुलिस जवानों के त्याग और समर्पण को याद रखेंगे और उनके परिवारों के साथ खड़े रहेंगे।


भागवत कथा में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री, विधायक धरमलाल, पुन्नूलाल मोहले।

# लोक अदालत में दंपती के मतभेद हुए दूर, फिर मिले


लोक अदालत में पति–पत्नी की समस्या का समाधान करते अफसर।

**मुंगेली।** पति-पत्नी के मध्य पैदा हुए मतभेदों को दूर कर लोक अदालत के माध्यम से पुनर्मिलन कराया गया। 13 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय मुंगेली के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नी के मध्य पुनर्मिलन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक पति-पत्नी है। आवेदिका का विवाह अनावेदक के साथ 12 वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह उपरांत अनावेदक के व्यवहार में धीरे-धीरे परिवर्तन होने लगा तथा उसके द्वारा छोटी-छोटी बातों पर अनावेदिका के साथ वाद-विवाद कर मारपीट करना प्रारंभ कर दिया गया। आवेदिका को अत्यधिक तंग कर ससुराल से निकाल दिये जाने के कारण आवेदिका अपने मायके में निवासरत थी। अनावेदक द्वारा आवेदिका के भरण-पोषण में उपेक्षा किये जाने के कारण आवेदिका द्वारा अनावेदक के विरूद्ध भरण-पोषण का यह मामला प्रस्तुत किया गया था।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




श्रमण

## सीयू के छात्रों ने ऊर्जा पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों ने ऊर्जा पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कर विज्ञान के प्रयोगों को नजदीक से देखा। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के छात्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठयक्रम अनुसार कई प्रकार के विषयों का अध्ययन कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्हें ऊर्जा के प्रकार और उनके उपयोगों को भी इस सत्र में पढ़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल कराने पर भी जोर देती है। इसी क्रम में थ्योरी की क्लास पूरी करने के बाद छात्र प्रैक्टिकल अनुभव लेने के लिए सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्का मिश्रा के नेतृत्व में ऊर्जा पार्क पहुंचे। वहां पर उन्होंने अपने शैक्षणिक भ्रमण दौरान ऊर्जा के स्रोत के कई मॉडल को देखा और समझा, जिसमें उन्होंने टाईटल एनर्जी, जियोथर्मल एनर्जी, विंड एनर्जी आदि मॉडल शामिल थे। ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्का मिश्रा ने कहा कि आज कांप्टीशन इतना बढ़ गया है कि थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव छात्रों को होना बहुत जरूरी है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

कार्यक्रम

## आदर्श दुर्गोत्सव समिति के 50वें वर्ष पर सीएम साय की धर्मपत्नी होंगी शामिल



**बिलासपुर।** आदर्श दुर्गा उत्सव समिति गोडपारा के दुर्गा पूजा के 50 साल पूरा होने पर दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय को दुर्गा पूजा में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। 25 सितंबर को कौशल्या देवी गोड़पारा में दुर्गा पूजा में शामिल होने दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जवाहर सराफ ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मुख्यमंत्री समेत प्रदेश शासन के मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों को आदर्श दुर्गा उत्सव समिति की दुर्गा पूजा के 50 साल पूर्ण होने पर निमंत्रण देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने पूजा में शामिल होने का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

जागरूकता

## लायंस क्लब शक्ति, स्माइल व ज्योत्सना ने चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति,स्माइल व ज्योत्सना ने संयुक्त रूप स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रीतिपाल बाली, विशिष्ट अतिथि दिलीप भंडारी, सम्मानीय अतिथि-जोन चेयरपर्सन डॉक्टर आराधना दास, आशीष अग्रवाल, वसुंधरा क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा थी। शक्ति क्लब से होम्योपैथिक डॉक्टर सुनील चंदानी ने सभी को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां प्रदान की। क्लबों द्वारा डॉ सुनील को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में शक्ति क्लब से अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, सचिव रोशनी दीक्षित, कोषाध्यक्ष विद्युत मण्डल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, बुधेश्वर कौशिक, स्माइल क्लब से अध्यक्ष आदि का योगदान रहा।

स्पोर्ट्स

## 25वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय सब जूनियर व कैडेट जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ओलंपिक संघ पंकज तिवारी, जिला अध्यक्ष भाजपा दीपक सिंह, जिला कार समिति सदस्य विवेक ताम्रकार, मारुति वाजपेई सहित अन्य मौजूद रहे। विधायक अमर अग्रवाल ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हेमवती नाग तथा अंतर्राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी रंजिता को सम्मानित किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि जूडो आत्मबल जागृत करता है, इससे एक दूसरे के हमले से अपना सुरक्षा कर सकते है। जिला जूडो संघ के सचिव राजकुमार जायसवाल ने बताया की स्टेट जूडो चैंपियनशिप में प्रदेश के 23 जिलो से लगभग 350 खिलाड़ी 50 ऑफिशियल व मैनेजर ने हिस्सा लिया है।







**हरिभूमि के अभियान में एनटीपीसी का भी रहा सहयोग**

हरिभूमि के हरियाली अभियान के तहत शनिवार को सीपत के पंडित मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में एनटीपीसी का भी सहयोग प्राप्त हुआ, जिसमें कॉलेज प्रबंधन, छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए गए।

# शहर को हरा-भरा रखने पौधरोपण ही कारगर उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में हरियाली अभियान के तहत हरिभूमि की टीम प्रतिवर्ष पौधरोपण का कार्य करती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को हरा-भरा और पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त करना है। हरिभूमि के अभियान में कई संस्थानों के अलावा विभिन्न समितियां भी सहयोग करती हैं, जिसके तहत शहर के मुख्य चौक-चौराहों के अलावा स्कूल व कॉलेज परिसर में भी पौधरोपण का कार्य हरिभूमि द्वारा किया जाता है।



इसी तरह शनिवार को सीपत के पंडित मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय के प्रांगण में हरिभूमि का हरियाली अभियान कार्यक्रम किया गया। हरिभूमि के अभियान में एनटीपीसी सीपत का भी सहयोग मिला। कॉलेज में किए गए पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान प्रबंधन के अलावा छात्र-छात्राओं और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पौधे लगाने का कार्य किया। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रत्नशंकर मिश्रा, सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, पंडित मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीवशंकर खेर, सीपत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, मस्तूरी जनपद पंचायत के सभापति मनोज खरे, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, सदस्य सफेद लाल, हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, एजीएम अरूण ज्योतिषी, राजेश सानन, शेख असलम, रितेश शर्मा, नवीन मिश्रा, मनीष वर्मा, सूरज वैष्णव सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।








### सराहनीय कार्य है हरिभूमि का : मनीषा

सीपत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि सीपत क्षेत्र के कॉलेज में हरिभूमि और एनटीपीसी ने जो हरियाली अभियान के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम किया है। वह एक सराहनीय कार्य है। इस कार्य में कॉलेज प्रबंधन के अलावा स्टुडेंट भी शामिल हुए। हरियाली अभियान के अलावा पौधरोपण कार्य बहुत जरूरी है। लगातार पेड़ों की कटाई होने के कारण पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है, जिसकी वजह से भीषण गर्मी में भी बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

**यह हैं सहयोगी :** हरिभूमि का हरियाली अभियान शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है। इस कार्य में मुख्य रूप से डा.सीवी रमन यूनिवर्सिटी, एसईसीएल, एनटीपीसी, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी, पंजाब नेशनल बैंक, सत्या आटो प्रायवेट लिमिटेड, मार्क हास्पिटल, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, आधारशिला बिल्डर्स प्रायवेट लिमिटेड, क्रेडाई, डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।



### हरिभूमि अभियान सराहनीय : मिश्रा

एनटीपीसी सीपत के जनसंपर्क अधिकारी रत्नशंकर मिश्रा ने कहा कि हरिभूमि का हरियाली अभियान बहुत ही शानदार है, जिसकी सराहना की जाती है। हरिभूमि ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। समाचार पत्र की जिम्मेदारी है कि इस अभियान के माध्यम से होने वाले फायदे को सभी लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी हमेशा इस तरह के कार्यो के अलावा अन्य विकास कार्यो में भी सहयोग करती है।

### बहुत अच्छा कदम हरिभूमि का : सतपथी

सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि हरिभूमि का हरियाली अभियान मुहिम काफी महत्वूर्ण है। यह पर्यावरण की दृष्टि और सुरक्षा को लेकर अच्छा कदम हरिभूमि ने उठाया है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ गर्मी भी लगातार बढ़ रही है। दूसरी ओर वाहनों के साथ ट्रैफिक के कारण भी पर्यावरण पर असर पड़े हैं। वृक्षों को काट दिया जाता है। हरिभूमि की टीम बधाई की पात्र है कि उसने हरियाली लाने के लिए यह कदम उठाया है, जो सराहनीय कार्य है।

### हरियाली अभियान की हरिभूमि को बधाई : खेर

पं. मदनलाल शुक्ला महाविद्यालय सीपत के प्राचार्य डॉ.राजीव शंकर खेर ने कहा कि हरिभमि और एनटीपीसी का महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया है, इसके लिए हरिभूमि की टीम बधाई की पात्र है। पौधा लगाने से ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी उसे संरक्षित करना है। इस कार्य के लिए हरिभूमि की टीम ने पौधे के साथ ट्री गार्ड की भी व्यवस्था कराई। पर्यावरण का संरक्षण एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जो सबके सामने है। हरिभूमि के अभियान से सबको प्रेरणा मिलती है।

### पौधरोपण करना सबकी जिम्मेदारी : खरे

जनपद पंचायत मस्तूरी के सभापति मनोज खरे ने कहा कि हरिभूमि का हरियाली अभियान बहुत ही शानदार और सराहनीय कार्य है। यह पर्यावरण संतुलन के लिए काफी जरूरी है, जिसमें सबको अपनी जिम्मेदारी से हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना चाहिए। पौधे बड़े होकर हम सबको आक्सीजन प्रदान करते हैं। सबसे आवश्यक है कि भीषण गर्मी में पेड़ की छांव ही हमारे लिए सहायक होते हैं, जो धूप से हमें बचाते हैं।

# भगवान कृष्ण सखा थे ब्रजवासियों के लिए

रास लीला कृष्ण व गोपियों के बीच का एक दिव्य नृत्य है। जिसकी शुरूआत भगवान कृष्ण की बांसुरी की मधुर धुन से होती है जो गोपियों को आकर्षित प्रेम और परमात्मा से मिलन को दर्शाती है। जहां कृष्ण प्रत्येक गोपी के साथ नृत्य करते हैं और अंतत: परमात्मा के प्रेम में समर्पण का संदेश देती है। ब्रजवासियों के लिए भगवान कृष्ण सखा थे।





**बिलासपुर।** ये बातें रिंग रोड 2 स्थित गोविंदम पैलेस में आयोजित श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शनिवार को कथा व्यास पं. अमर कृष्ण महराज ने रास लीला, गोवर्धन पूजा व रूक्मणि विवाह की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही।

उन्होंने बताया कि कृष्ण अपनी बांसुरी बजाते हैं जिसकी मधुर ध्वनि सुनकर गोपियां घर और परिवार का मोह छोड़ कर उनके पास आ जाती है। रास लीला का गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। जहां मनुष्य को सांसारिक चीजों के मोह को त्याग कर परमात्मा के प्रेम में तल्लीन होने का संदेश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा करने से ब्रजवासी हर साल ठाकुरजी की पूजा को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि कलयुग में मृणाल प्रत्यक्ष बन सके। ब्रजवासियों के लिए भगवान कृष्ण सखा थे। बांके बिहारी प्रतिदिन गाय चराते थे। एक सखा तो मंदिर का पट बंद होने के बाद सीढ़ी में बैठ जाते थे। पूछने पर उसने बताया कि सांसारिक लोग भीड़ में आकर धक्के खाते हैं पर वे भगवान श्रीकृष्ण के सखा है, इसलिए वे उनसे अकेले मिलते हैं। उन्होंने बताया कि राधा तत्व को जानना कठिन है। बांके बिहारी का जितना जुड़ाव भक्तों से था उतना ही वे राधा रानी की बात मानते थे। मृणाल पूजन के माध्यम से ही संसार को शिक्षा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना, दिलीप खण्डेलवाल, अंकित, श्रद्धा, आदित्य, सोनल, तक्ष, वियान, देविशा का सहयोग मिल रहा है। रविवार 14 सितंबर को परीक्षित मोक्ष व सुदामा चरित्र पर कथा होगी।

### आज भी नहीं बजाई जाती घंटी

कथा व्यास ने बताया कि वृंदावन में ठाकुरजी आज भी लाला के रूप में है। यहीं कारण है कि वहां पूजा, आरती के समय घंटी सहित अन्य वाद्य यंत्र नहीं बजाए जाते हैं। इसके पिछे भाव यह है कि बाजे से लाला कहीं डर न जाए। वहीं साल में एक बार मंगला आरती एवं एक दिन चरण दर्शन होता है।

### इन्द्र ने भगवान को दिया गोविंद नाम

कथा व्यास ने बताया कि यमुना तट पर स्थित गोविंद कुण्ड का जल ठाकुरजी के स्नान का जल है। माना जाता है कि कोई इसे पी लेता है तो उसे मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने बताया कि इन्द्र ने ही भगवान कृष्ण को गोविंद नाम दिया है।

# पुरानी बातों को त्यागें, सकारात्मकता से जीवन सजाएँ : स्वाति



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवाकेंद्र में आयोजित पांच दिवसीय पॉजिटिव थिंकिंग क्लास में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने जीवन को सुंदर बनाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


दीदी ने कहा कि जीवन में सफलता पाने और संबंधों को मधुर बनाए रखने के लिए हमें पुरानी सड़ी हुई बातों पर चिंतन नहीं करना चाहिए। अतीत की नकारात्मक यादें रिश्तों में दूरी और मन में बोझ पैदा करती हैं,इसलिए उन्हें त्याग देना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। उन्होंने समझाया कि जैसे खेत में यदि खराब बीज बो दिए जाएं तो फसल अच्छी नहीं होती, वैसे ही यदि मन में बार-बार पुरानी शिकायतों और कड़वाहटों को दोहराया जाए, तो जीवन में खुशहाली और आत्मिक शांति नहीं आ सकती। जो बीत गया उसे भूलकर, वर्तमान को संवारना ही सच्चा योग और वास्तविक सकारात्मक सोच है। बीके स्वाति दीदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि दृढ़ संकल्प की शक्ति हो, तो बंजर या कलराठी जमीन में भी बीज अंकुरित होकर फल दे सकता है। इसी प्रकार यदि इंसान अपने विचारों में दृढ़ता और सकारात्मकता लाता है तो कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ क्यों न हों, वह सफलता प्राप्त कर सकता है। कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन मजबूत संकल्प और सकारात्मक सोच उन्हें अवसरों में बदल देती है। दृढ़ता वह अदृश्य शक्ति है जो असंभव को संभव बना देती है। परिस्थितियाँ कैसी भी हों, यदि इंसान अपने लक्ष्य के प्रति अटल रहता है तो सफलता निश्चित है। जैसे बंजर जमीन में मेहनत और देखभाल से हरा-भरा बाग लग सकता है, वैसे ही दृढ़ संकल्प से जीवन की हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है। दृढ़ता हमें हार मानने से रोकती है और आत्मविश्वास को मजबूत करती है।

### जन्मदिन पर समर्थकों ने किया जगह-जगह स्वागत, हुए विविध कार्यक्रम

# धर्मजीत बोले- विधायक का धर्म है कि जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए


दर्री में सरपंच अनिता रोहित केंवट ने दी बधाई।


भाजपा नेता दिनेश राजपूत ने किया स्वागत।


नगरपालिका परिवार द्वारा दी गई शुभकामनाएं।


सकरी में मनोज सोनकर ने दी बधाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का जन्मदिन शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। समर्थकों ने जगह-जगह श्री सिंह का स्वागत किया। इस दौरान दर्री में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री सिंह ने जनसमुदाय को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मुझे विधायक बने दो साल हुआ है। पहले साल में मैंने आदिवासी बाहुल्य ग्राम खजुरी में अपना जन्मदिन मनाया। इस साल पहले ही कह दिया था कि दर्री में अपने भाई बहनों के साथ जन्मदिन मनाऊंगा। आज इतनी बड़ी संख्या में आप लोगों को देखकर मुझे ताकत मिली है। आप लोगों से ये जो आशीर्वाद मिला है वही मेरी ताकत है। आज मैं यहां से प्रतिज्ञा ले रहा हूं कि आपकी सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। मैं नहीं जानता कि पहले विजयपुर मंडल के लोगों से कैसे व्यवहार होता था उनका काम होता था या नहीं परंतु मैं खुले मंच से आप लोगों को वादा करता हूं कि जो मुझे शासन से अधिकार मिले हैं उसे मैं जनता के बीच सीधे-सीधे पहुंचाऊंगा। विजयपुर मंडल को कुछ लोग अपना जागीर समझते थे। परंतु विजयपुर मंडल किसी विधायक या सांसद की जागीर नहीं है यह जागीर है तो यहां के लोगों की, जिनकी सेवा के लिए विधायक को चुना जाता है। हमारा धर्म है कि हम यहां के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि हर विधायक का धर्म होता है कि वह विधायक बनने के बाद अपना स्थान जनता के पैरों के नीचे रखें। आप लोगों का अधिकार है कि आप अपने विधायक के पास अपना काम कराने के लिए जाएं और विधायक का धर्म है कि वह आपकी बातों को शांतिपूर्वक सुनकर आप लोगों का काम करे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, संतोष कौशिक, विशाल सिंह,, वरूण सिंह, अमित मंदानी, जनपद अध्यक्ष डां माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भारती माली, अंबिका साहू, दिनेश साहू, दिनेश राजपूत, अश्वनी शर्मा, रमन मिरी, कामता कुलमित्र, भवेंदर मरकाम, पूर्णिमा परमेश्वर मरकाम, पूर्णिमा जलेश्वरी, पूजा देवी लाल नेताम, द्रौपति कैवर्त, भगवान सिंह, करन मरावी, उत्तरा नेताम, दिलहरण जगत, राकेश छाबड़ा, अश्वनी श्रीवास, सीमा श्रीवास, गरीबा यादव, सौरभ पाण्डेय,, संतोष वस्त्रकार, शिव देवांगन, श्यामसुंदर कश्यप, लक्ष्मी खाण्डे, प्रमोद कौशिक, गुलजीत खुराना, प्रमोद ठाकुर, मोहित सिंह राजपूत, वंदना सिंह, बाला सिंह, विश्वनाथ यादव, रामचंद यादव, मनोज सोनकर, रवि मेहर, अवतार मानिकपुरी, कृष्ण कुमार साहू, नैनलाल साहू, शिप्रा सामुएल, गिरीश कश्यप, आयुष सिंह ठाकुर, मुकेश ताम्रकार, अजय यादव, सरजू यादव, राजेश यादव, अनिल कौशिक, सुरेश यादव, प्रभात साहू, निहाल साहू, राम बिलास अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, अश्वनी देवांगन, अक्षय श्रीवास, दुर्गेश पाल, अनिल कौशिक, अनिल कोरी, नोहर श्रीवास आदि मौजूद थे।


विधायक धर्मजीत सिंह को जन्मदिन की बधाई देते विशाल सिंह, वरूण सिंह, अमित मंदानी।


## जनता का आशीर्वाद ही मेरी पूंजी

जिंदगी में आशीर्वाद से बड़ी कोई चीज नहीं होती। आज आपने मुझे सबसे कीमती चीज अपना आशीर्वाद दिया है। यह आशीर्वाद ही मेरी पूंजी है और इसे मै दिल में रखकर जाऊंगा। आज मैं आप लोग से हाथ जोड़कर एक चीज मागूंगा कि आप मुझे अपनी दया, कृपा, आशीर्वाद, करुणा, ममता दें ताकि मैं आपका सेवक बनकर आपका काम कर सकूं यही मेरे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद और पूंजी होगी। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र में अपने द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जानकारी दी तथा दर्री में आदिवासी समाज के लिए 10 लाख देने की घोषणा करते हुए कहा कि निरंतर क्षेत्र के विकास करूंगा और तखतपुर विधानसभा को बिलासपुर जिले में अग्रणी बनाने के लिए निरंतर कार्य प्रयास करूंगा और आपके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। दर्री में आयोजित कार्यक्रम में दर्री के सरपंच अनिता रोहित केंवट ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया।

## जगह जगह हुआ स्वागत

सुबह से ही विधायक को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता उनके निवास में लगा रहा। इसके बाद पूरे क्षेत्र में विधायक को जन्मदिन पर बधाई दी गई और उनके जगह जगह स्वागत किया गया। रेयांश गोल्ड खपरी में राइस मिलर्स, गुप्ता समाज गुरुनानक गेट के पास, आर्ट ऑफ लिविंग हाई स्कूल के पास, सचदेव परिवार, बोहरा समाज, देवांगन समाज बस स्टैंड के पास, सूर्यवंशी समाज मक्कड़ कॉम्प्लेक्स के पास, सिंधी समाज एवं मुस्लिम समाज द्वारा मस्जिद के पास, ठाकुर समाज राम नगर गेट के पास, ब्लाक रोड़ में श्रीवास समाज, जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा तहसील चौक, यादव समाज द्वारा तहसील चौक, कुर्मी समाज द्वारा कैलाश नगर में मेनरोड़ में स्वागत किया गया। इसके साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ विभिन्न जगहों में स्वागत किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।


राईस मिल एसोसिएशन मिलकर पहनाया माला।


जिपं सभापति भारती माली शुभकामनाएं देती हुई।


जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार समर्थकों के साथ मिली।


अश्वनी श्रीवास ने भेंट की स्मृति चिन्ह।

## शहीद जवानों की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा

**सरगांव।** जिला पुलिस बल द्वारा शहीद एवं स्वर्गीय पुलिस कर्मियों के मोक्षार्थ श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पं उमाकांत मिश्र एवं सूरज मिश्र ने रूक्मणी विवाह प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की।

## निधन

### हसन अली भारमल



**बिलासपुर।** ईदगाह चौक निवासी हसन अली भारमल रेलवे वाले का इंतक़ाल 13 सितंबर को हो गया। जिनकी जनाज़े की नमाज़ 14 सितंबर रविवार को बोहरा कब्रिस्तान ख़परगंज में अता की जाएगी। वे मरहूम मुर्तुजा भारमल के वालिद एवं हाशिम भारमल, शब्बीर भारमल, ताहेर भारमल के चाचा थे।

### सरला देवी तिवारी



**बिलासपुर।** मरवाही निवासी सरला देवी तिवारी पत्नी स्व. जमुना प्रसाद तिवारी शुक्रवार को निधन हो गया। वे 89 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। वे अमिता पांडेय, सतीश तिवारी की माता थीं।

### रेशम बाई देवांगन



**तखतपुर।** देवांगन पारा निवासी श्रीमती रेशम बाई 75 वर्ष का 13 सितम्बर को निधन हो गया। वे घोसु देवांगन, लाला देवांगन की मां थी। इनका अंतिम संस्कार देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया गया।

### सीता दुबे



**सकरी।** ग्राम सैदा निवासी छोटे लाल दुबे सेवा निवृत्त शिक्षक की धर्मपत्नी श्रीमती सीता देवी दुबे का 80 वर्ष की आयु में 13 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में 14 सितंबर को किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे उनके निवास से निकलेगी। वे शैलेंद्र दुबे, राजेश दुबे, सीमा दीवान ,शीला द्विवेदी की मां थीं।

## उषा देवी मेमोरियल कॉलेज में रजत जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में विविध सांस्कृतिक, रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्राचार्य डॉ सुलक्षणा वासनिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने बीते 25 वर्षों में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। अब समय है कि हमारी युवा पीढ़ी इस विकास को और गति दे। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार ने रासेयो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा क, युवा स्वयंसेवकों के माध्यम से सामाजिक विकास और जनजागरण के कार्यों में तेजी लाई जा सकती है। शिखा मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन की दिशा में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है। हमें इन उपलब्धियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। अंशु गुप्ता ने राज्य की महिला सशक्तिकरण योजनाओं और बालिका शिक्षा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

अखिलेश पांडे ने विद्यार्थियों से तकनीकी कौशल में दक्षता प्राप्त करने की सलाह दी। ओमी गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, लोक कला एवं परंपराओं को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। देव कुमार ने कहा कि युवाओं को सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय टेकचंद बैगा ने अपने भाषण में अपने गांव की विकास यात्रा साझा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीना ताम्रकार एवं शिखा मिश्रा ने किया। अंत में अंशु गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र व शिक्षक।

## किसान आईडी बनाने कृषि विभाग का शिविर कल

**लोरमी।** स्थानीय नया बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में सोमवार 15 सितंबर को 10.30 बजे कृषि विभाग की ओर से किसान आईडी बनाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशन एवं एसडीएम चन्द्वा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में ग्राम, गांधीडीह, रामहेपुर वार्ड, रानीभाव, मजगांव के किसान आईडी बनवा सकते हैं। उक्त जानकारी एसडीओ कृषि धनंजय कुर्रे ने दिया है।

## उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन 25 तक

**मुंगेली।** जिले के ग्राम दाउकापा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 25 सितम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## सकरी कालेज में मना रजत जयंती महोत्सव

### एलुमनी मीट, रैली सहित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में 6 सितंबर को एलुमनी मीट कार्यक्रम एवं 9 सितंबर को रैली का आयोजन किया गया। साथ ही 10 सितंबर बुधवार को क्विज प्रतियोगिता, गुरुवार 11 सितंबर को पोस्टर प्रतियोगिता एवं 12 सितंबर शुक्रवार को विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक एवं विशिष्ठ अतिथि संतोष वस्त्रकार, रवि मेहर, दिलीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रुबी मिल्होत्रा ने किया।इस अवसर पर संतोष कौशिक ने कहा कि, छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में अधोसंरचना, रोजगार, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति की है। संतोष वस्त्रकार ने युवा शक्ति पर विशेष जोर दिया। रवि मेहर ने कहा कि, युवा अपने कौशल एवं प्रतिभा का सही उपयोग करें, तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य के रूप में पहचाना जाएगा। गोपाल प्रसाद तिवारी जी वर्तमान छत्तीसगढ़ एवं प्राचीन छत्तीसगढ़ के बारे में जानकारी प्रदान की। दिलीप कोरी ने छत्तीसगढ़ की मूल विशेषता एवं छत्तीसगढ़ वासियों की सरलता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ रूबी मल्होत्रा ने छत्तीसगढ़ की संपूर्ण विशेषताओं का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सौमित्र शर्मा एवं आभार व्यक्त डॉ वीसी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सूरज मिश्रा, मनोज साहू, संजय यादव, जनक प्रजापति, अश्विनी खैरवार, सावित्री गढ़ेवाल, तिलक सूर्यवंशी, सोनू राम पटवा, रवि वस्त्रकार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डाक्टर पीडी महंत, सहायक प्राध्यापक डॉ श्वेता जायसवाल, बरखा हलवाई, हर्ष देवानी, अंकिता श्रीवास, अजीता तिग्गा, आकाश पटेल, संजय कुर्रे, ग्रंथपाल मनीषा उके सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से जनता में पहचान का सेतु बनाना भाजपा का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए धरमलाल

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर से चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बिल्हा विधानसभा अंतर्गत झूलेलाल मंगलम में आयोजित बिल्हा, तिफरा-सिरगिट्टी, बोदरी, बरतोरी मंडलों की संयुक्त सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में शामिल हुए। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक ?सेवा पखवाड़े? के रूप में जनसेवा का संकल्प लिया है। यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जो भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानित करता है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने-अपने, मंडल और बूथ स्तर पर जनता के बीच यह संदेश पहुंचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी नहीं है, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की परिभाषा को लेकर घर-घर जाना है, और मोदी सरकार की साफ नियत और नीति को बताना है।

यह सेवा पखवाड़ा अपनी व्यापकता, गहराई और उद्देश्य की दृष्टि से अद्वितीय और ऐतिहासिक होगा। हमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता के साथ संपर्क, संवाद कर धारणा का सेतु बनाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी बिल्हा नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्द्रे, बिल्हा जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. गोविंद यादव जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा कृष्ण कुमार कौशिक, जिला कार्यसमिति सदस्य बृजभूषण वर्मा एवं दिनेश पाण्डेय, कार्यसमिति सदस्य रुखमणि कौशिक, जिला उपाध्यक्ष गायत्री दुबे एवं बलराम देवांगन, जिला मंत्री डॉ. देवेंद्र कौशिक, नगर पालिका बोदरी की उपाध्यक्ष शिमला वर्मा चारों मंडलों के अध्यक्ष बिल्हा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर कश्यप, तिफरा-सिरगिट्टी मंडल अध्यक्ष हरीश चंद्र साहू, बोदरी मंडल अध्यक्ष लव श्रीवास, बरतोरी मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत क्षत्रिय सहित चारों मंडलों के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल विधायक धरमलाल कौशिक।

### जनता की सेवा ही भाजपा का प्रथम कर्तव्य : हर्षिता

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है-नागरिक देवो भवः अर्थात देश का प्रत्येक नागरिक देवता है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हमें भी प्रत्येक नागरिक को देवता मानकर सेवा कार्य में शामिल करना होगा। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि सेवा परमो धर्मः। अर्थात सेवा ही परम धर्म है। जब तक लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना, राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जागृत नहीं होता, तब तक भौतिक विकास का कोई लाभ नहीं होता। इसलिए समाज को परिभाषा की दृष्टि से, संस्कारों की दृष्टि से और विचारधारा की दृष्टि से जागृत करना हमारा लक्ष्य और दायित्व है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से आज की युवा पीढ़ी को अभिरुचि की सबसे बड़ी आवश्यकता है और आगामी कार्यक्रम के माध्यम से हमें यही काम करना है।

### जनसेवा का जन आंदोलन : सवन्नी

क्रेडा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि सेवा पखवाड़े हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं भी गांवों तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की मदद कर उनकी गरीबी दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## भाला फेंक प्रतियोगिता में पौंसरी के ललित को प्रथम स्थान



**बोदरी।** बहतराई स्टेडियम में सोमवार 8 सितंबर को संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सारंगढ़, बिलाईगढ़, रायगढ़, जांजगीर चांपा, मुंगेली व बिलासपुर आदि जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। भाला फेंक प्रतियोगिता में शासकीय उमा विद्यालय पौंसरी के छात्र ललित खरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त अपनी शाला का नाम गौरवांवित किया। ललित ने इस उपलब्धि को शाला की व्यायाम शिक्षिका उषा किरण सिवने के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152






# क्रेडाई छग प्रतिनिधिमंडल ने 'क्रेडाई नेटकोन' में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




सिंगापुर में 11 से 13 सितंबर तक क्रेडाई नेटकोन 2025 का आयोजन किया गया। इसमें क्रेडाई छत्तीसगढ़ का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष पंकज लाहोटी के नेतृत्व में शामिल हुआ।

'रियल एस्टेट राइजिंग, भारत सोरिंगः 30 ट्रिलियन डॉलर टू विजन' थीम पर आधारित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत की आर्थिक प्रगति में रियल एस्टेट सेक्टर की भूमिका को रेखांकित किया गया। अध्यक्ष श्री लाहोटी ने बताया कि यह भागीदारी राज्य में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विकास की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगी। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक शहरी नियोजन, टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण जैसे पहलुओं की गहरी समझ हासिल की। लाहोटी ने कहा सिंगापुर से सीखे अनुभवों को छत्तीसगढ़ में आधुनिक रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में लागू करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संजय रहेजा, अभिषेक बच्छावत, प्रीतेश कटारिया, ऋषभ कटारिया, राकेश पांडे, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुनील चंद्राकर, संतोष लोहाना, अशोक मूंदड़ा, संजना बघेल, हर्षित सिंघानिया, बृजेश साहू, नरेंद्र जैन, केएल दासवानी और अक्षय पांडे शामिल थे।

## पीएचई में 37 पदों पर भर्ती, परीक्षा अक्टूबर में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर के तहत अनुरेखक (ट्रेसर) के 37 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। उम्मीदवार 1 अक्टूबर 2025 शाम 5:00 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। वहीं आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की सुविधा 2 से 4 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध होगी। परीक्षा रविवार 26 अक्टूबर को होगी। परीक्षा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगी। प्रवेश पत्र 17 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। व्यापम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड में ही किया जाएगा।

# श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के मंगतराय अध्यक्ष, कमल सचिव चुने गए



**बिलासपुर।** श्याम मंदिर ट्रस्ट मेनरोड बिलासपुर का चुनाव वर्ष 2025- 27 के लिए श्याम मंदिर ट्रस्ट परिसर के कार्यालय में न्यासीगण की उपस्थिति में कराया गया। इसमें आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी के पद पर मंगतराय अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश गोयल (चक्कू), सचिव पद के लिए कमल सोनी, कोषाध्यक्ष के लिए बजरंग लाल अग्रवाल एवं सहसचिव अनिल अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही अन्य न्यासी कार्यकारणी चुने गए।




बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह देव नाथ मंदिर हाँफा

शारदीय (क्वाँर) नवरात्रि पर्व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

दिनाँक 22 सितंबर दिन सोमवार से 1 अक्टूबर दिन बुधवार 2025 तक

प्रतिदिन भजन कीर्तन जस गीत एवं प्रसाद भंडारा

Dhanesh upadhyay shop

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित घृत 2051 तेल 851

संपर्क-आचार्य धनेश उपाध्याय हाँफा बिलासपुर (छ.ग.) 9109095274

नोटः online QR कोड के माध्यम से मनोकामना ज्योति कलश का पैसा आप दे सकते हैं और रसीद प्राप्त कर सकते हैं



।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।।

श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर

घृत ज्योति कलश 2100/- रु. तेल ज्योति कलश 701/- रु.

शारदीय (क्वाँर) नवरात्रि पर्व 22.09.2025 से 01.10.2025

श्री भैरव जयंती पर रूद्रमहायज्ञ दिनांकः 11 नवंबर से 19 नवंबर तक श्री भैरव अष्टमी मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष दिनांक 12.11.2025

विशेष :- मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को श्री भैरव जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। | प्रतिदिन भंडारा | मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना एवं विसर्जन मुख्य ज्योति कलश के साथ होगे।

निम्न स्थानों से मनोकामना ज्योति रसीद प्राप्त करें- सिद्ध पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर कार्यालय-रतनपुर, शिव स्वीट्स, नया बस स्टैण्ड-रतनपुर, सुभाष किराना स्टोर्स-पुराना बस स्टैण्ड, रतनपुर विजय साउण्ड सर्विस-महामाया चौक, रतनपुर, दुबे कैसेट सेंटर भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर, विजय ज्वेलर्स, मेन रोड कटघोरा, जायसवाल मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, कोरबा, अग्रवाल मोबाईल-मुंगेली नाका, बिलासपुर, मिश्रा पुस्तकालय-गोल बाजार बिलासपुर, विनोद गोरख-ज्वाली पुल के पास, बिलासपुर, नीलकंठ रेस्टोरेंट-प्रताप चौक, बिलासपुर, रवि तम्बोली (सोनू), करैहापारा रतनपुर, पं. महेश्वर पाण्डेय-हांफा बिलासपुर, महामाया अनाज भण्डार-दूराकछार, कोरबा भारत होजियरी हाउस-पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर, गणेश थवाईत-बस स्टैण्ड, वैष्णव न्यूज एजेंसी पाली, जगन्नाथ थवाईत- जमनीपाली



पीठाधीश पंडित जागेश्वर अवस्थी
प्रमुख श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरवबाबा मंदिर रतनपुर, मो. 96690-24000

महामाया आई टी आई

बिलासपुर संभाग का प्रथम ISO 29990-2010 प्रमाणित संस्थान | छ.ग. शासन एवं NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

ADMISSION OPEN
FOR THE SESSION 2025-26

इलेक्ट्रीशियन | फिटर | कोपा
वेल्डर | डीजल मैकेनिक
ए.सी. मैकेनिक

बेस्ट रिजल्ट
बेस्ट प्लेसमेंट
बेस्ट एग्जाम गाइडेंस
लिमिटेड सीट

Placement Partner: TATA green batteries, Hero, Crompton Greaves, RISHABH ENTERPRISES AHMEDABAD GUJARAT

1000/- प्रतिमाह ट्यूशन फीस पर कोर्स करें।

• हॉस्टल
• छात्रवृत्ति
• परीक्षा केंद्र
• सुसज्जित वर्क शॉप
• फ्री कंप्यूटर क्लास



न्यू बस स्टैंड, फर्स्ट फ्लोर अग्रोहा काम्प्लेक्स, रतनपुर 9981445780, 9753433122, 9907131896

सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट

रतनपुर (बिलासपुर छ.ग.) 495442 फोनः 07753-255526 मो. 7415617816

www.mahamayaratanpur.com, gmail- mahamayaratanpur2010@gmail.com

शारदीय (क्वाँर) नवरात्रि पर्व 22.09.2025 से 01.10.2025

क्वाँर शुक्ल 01 सोमवार दिनांक 22 सितंबर 2025 प्रातः 07.00 बजे से
मांगलिक स्नान, द्वारपूजन, धूपपरिक्रमा, घटस्थापन देवी षोडशोपचार पूजन, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन, श्रीशतचण्डी यज्ञ, श्रीमद भागवतादि पाठ।

क्वाँर शुक्ल 08 मंगलवार दिनांक 30 सितंबर 2025 प्रातः 11.00 बजे से
धूपपरिक्रमा, यज्ञवेदी पूजन, पुण्याहवाचन महाष्टमी पूजन, अष्टमी हवन सायं 04:00 बजे, पूर्णाहूति, यज्ञशांति पुष्पाजंलि

क्वाँर शुक्ल 9 बुधवार दिनांक 01 अक्टूबर 2025 महानवमी पूजन राजसी श्रृंगार
पूर्वान्ह 11.00 बजे राजसी नैवेद्य, कन्याभोज, ब्रह्मभोज, अपरान्ह 03.30 बजे विसर्जन।



श्री महामाया देवी

प्रतिदिन सायं लाइव आरती दर्शन - YouTube

SBI BANK ONLINE HDFC BANK
QR स्केन कर मनोकामना ज्योति कलश घृत/तेल/दान कर सकते है।



श्री लखनी देवी

मनोकामना ज्योति कलश तेल 700/- घृत 2100/-

नि: शुल्क भण्डारा | आजीवन ज्योतिकलश तेल 31000/- घृत 51000/- | श्रीमद् भागवत कथा आचार्यः पं. श्री झम्मन प्रसाद शास्त्री जी महाराज | माता सेवा जसगीत गायन रात्रि 09.00 बजे से | श्री लखनीदेवी मंदिर मंगलकामना जवारा 150/- रूपये

मनोकामना ज्योतिकलश रसीद प्राप्ति की अधिकृत स्थान

रतनपुरः- सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामायादेवी मंदिर ट्रस्ट, मोतीचंद जायसवाल, मनराखन जायसवाल (अधिवक्ता), संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, किसन तम्बोली, आनंद जायसवाल, शिव स्वीट्स एवं पान भण्डार, अमृतपान भण्डार, अग्रवाल क्लाथ स्टोर, कौशिक स्टेश्नरी एवं जनरल स्टोर्स, विजय साउण्ड सर्विस, श्री मेडिकल, डी.सी. यादव मेंडराः सतीश शर्मा भरारीः शशि कुमार मिश्रा, बिलासपुर आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष, निवास- नेहरु नगर, बृजमोहन अग्रवाल-विद्यानगर, बजरंग लोहिया आदित्य द रेमण्ड शाप-लिंकरोड, सुनील सोनथलिया सोनथलिया एजेंसी-व्यापार विहार, अनिल खण्डेलवाल मौसाजी स्वीट्स गोलबाजार, विनोद गोरख जूना बिलासपुर, अरुण शर्मा-वैशालीनगर फेस-2, राजेश कपिश शर्मा-एल-10 गली शेष कालोनी विनोबानगर, रितेश जूनेजा हिन्दुस्तान सेनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर्स गांधी प्रतिमा, शक्ति सिंह ठाकुर सरकण्डा, चेतनधर शर्मा (किलावार्ड जूना बिलासपुर), गोपाल गुप्ता महामाया प्रापर्टी डीलर मध्यनगरी चौक, राजकुमार खुशलानी भारत होजियरी पुराना बस स्टैण्ड, कपिल देव पाण्डे जोरापारा, अभिषेक ट्रेडिंग कम्पनी शास्त्री मार्केट, श्रीवाच हाउस गोलबाजार, मिश्रीलाल मिश्रा पुस्तकालय गोलबाजार, रमन दुबे पत्रकार, साँवरिया स्टोर मारवाडी लाइन, गोयल सेल्स-व्यापार विहार, निशानिया ट्रेडिंग कं व्यापार विहार, नवीन परिहार पुलिस लाईन, नीलकंठ हाटल -प्रताप चौक, के. के. शर्मा पत्रकार, रामेश्वर सोनी-हरिभूमि, जायसवाल पान सेंटर-मिशन हास्पिटल रोड, अग्रवाल मेडिकल एजेंसी, मेडिकल काम्प्लेक्स, गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेलीनाका, जी.पी. पाण्डेय भारतीय नगर, तिवारी पान सेंटर गेट-1 बुधवारी, शिवशक्ति प्रोविजन स्टोर्स- जरहाभाठा रोड, रामगोपाल तिवारी आईटीआई कोनी, आर. के. सोनी आर्किटेक्ट तेलीपारा, महामाया आईटीआई अशोकनगर, शिवशंकर प्रोविजन बृहस्पति बाजार, अनिल शर्मा शाप 26 भगत सिंह काम्पलेक्स व्यापार विहार, वेरायटी ट्रेडर्स प्रताप चौक, शकुन श्रृंगार भंडार गणेश चौक कोरबाः अशोक जायवाल मेडिकल स्टोर पुराना बस स्टैण्ड। छुरीः रामकृष्ण दुबे बाल्कोः गणेश पान भण्डार बस स्टैण्ड। पेंड्रारोड वस्त्रलोक पेंड्रा सुमीत मोटर्स। बाकीमोंगरा सरस्वती मेटल स्टोर्स एंड फोटोकापी। भिलाई शरद दुबे नगर निगम। मुंगेली डा. मुकेश मिश्रा एस.एन.जी. कालेज कोटाः कुलवंत सिंह, कमल हार्डवेयर तखतपुरः विनोद जायसवाल (अधिवक्ता), टेकचंद कारडा। कटघोराः परिधान। रायगढ़ जयप्रकाश केडिया। जांजगीर शंकर पान भण्डार। नैला अमिताभ शर्मा स्टेशन चौक। अकलतराः-चिरोंजीलाल अग्रवाल। पंडरिया महामाया मेडिकल स्टोर। लोरमी जयंती किराना स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल स्टोर। सीपत- दीपक तुलस्यान। सक्तीः गनपतलाल श्यामसुन्दर अग्रवाल।

जवारा हेतु उपरोक्त स्थान के अतिरिक्त कलमीटार भूपचंद शुक्ला, यशवंत विश्वकर्मा, कोटाः छेदीलाल गुप्ता बिलासपुरः भागवत प्रसाद तिवारी अर्चना विहार, शशिकांत थवाईत (जूना बिलासपुर), विनिता विश्वकर्मा (हटरी चौक) राजेश सिंह ध्रुव (न.नि.बिलासपुर) रानीबछाली कमलेश शुक्ला भरारी उमाशंकर तिवारी गनियारीः अर्जुन लाल उजागर। रतनपुरः सुभाष अग्रवाल, नरेश सोनी, अनिल हेयर सेलून, सोमेश्वर चित्रकार, सालिक राम मरकाम।

## खबर संक्षेप

### सिम्स में मिला नवजात शिशु चाइल्ड लाइन के सुपुर्द



**बिलासपुर।** सिम्स में अज्ञात नवजात शिशु मिला। सिम्स प्रबंधन उपचार और देखभाल के बाद नवजात को चाइल्ड लाइन को सौंपा दिया है। सिम्स के महिला एवं प्रसूति विभाग 15 अगस्त को भरनी परसदा निवासी 20 वर्षीय कविता पति ओमप्रकाश को प्रसव के लिए भर्ती किया गया। युवती ने पुत्र को जन्म दिया, 16 अगस्त को प्रसूता को छुट्टी दे दी गई। परिजन 24 अगस्त तक शिशु को देखने आते रहे, लेकिन इसके बाद परिजन नहीं आए, सिम्स में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, गलत नंबर होने से रिस्पांस नहीं मिला। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश नाहरेल, डॉ. समीर कुमार जैन, डॉ. सलीम खलखो, डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, डॉ. जायकिशोर तथा सिस्टर इंचार्ज विभा श्रीवास, सरोजिनी, कमलेश, मीरा देवांगन और आया भावना सिदार द्वारा उसकी देखभाल की गई। संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के आदेशानुसार 11 सितम्बर से शिशु के पुनर्वास हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। शनिवार को औपचारिक रूप से शिशु को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्प लाइन प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, सुपरवाइजर आस्था सिंह व चंद्रप्रकाश श्रीवास तथा समाजिक कार्यकर्ता विकास साहू उपस्थित रहे। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि नवजात को समुचित उपचार और सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। शिशु को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया है।

### सिम्स में दिन भर रही गहमागहमी, मचाया हंगामा

# सिम्स लाते समय हार्टअटैक से मौत पुलिस व डॉक्टर पीएम के लिए अड़े



सिम्स में जमकर हंगामा करते परिजन।।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

हार्टअटैक से 55 वर्षीय व्यक्ति की अचानक मौत हो गई, तबियत खराब होने पर परिजनों के द्वारा उन्हें सिम्स लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।



मृतक।

सिम्स के डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर शव पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया। जिसके बाद सिम्स में मरीज के परिजन ने खूब हंगामा मचाया, खास बता यह है कि पुलिस और सिम्स के डाक्टरों के बीच परिजन 4 से 5 घंटे तक भटकते रहे। डाक्टर और पुलिसिया कार्यप्रणाली से कई बार आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसका उदाहरण शनिवार को देखने मिला। चांटीडीह निवासी संतोष चौहान को पिछले कुछ दिनों से शरीरिक तकलीफ थी, उन्होंने डाक्टर से इलाज भी कराया लेकिन शनिवार को तबीयत ठीक नहीं होने पर बेटे व परिजन को लेकर सिम्स आ रहे थे, इसी दौरान आटो में उनकी मौत हो गई। डाक्टरों ने उनके बेटे को कहा कि शव का पीएम कराना होगा, इससे परिजन हड़बड़ा गए। इस दौरान डाक्टरों ने पुलिस चौकी को मेमो भेज दिया और शव को मरच्यूरी में रख दिया गया। डाक्टरों ने परिजनों को सरकंडा थाना भेज दिया गया, जिसके बाद परिजनों का सब्र का बांध टूट गया और सिम्स में हंगामा मचना शुरू हो गया। करीब दोपहर 3 बजे तक परिजन पीएम नहीं कराने पर अड़े रहे लेकिन पुलिस और डाक्टरों ने जबरिया पीएम कराया, जिससे परिजन काफी आहत हुए।

## जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी, 17 हजार जब्त

■ तोरवा थाना क्षेत्र का मामला

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर 17 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार करने के बाद थाने से मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

शुक्रवार की रात तोरवा टीआई अभस सिंह बैस को सूचना मिली हेमूनगर नारायणी टावर के पास जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी करते हुए कमल पंजवानी छाबड़ा पैलेष, निर्मल वस्त्रकार पावर हाउस बनर्जीगली, शिवकरण नयापारा, भूपेन्द्र शर्मा हेतूनगर, उमेश श्यामदेसानी हेमूनगर निवासी को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी दूर से पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 17 हजार 400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।











